# Office of The Project Director, PPP, PWD, Kota

क्रमांकः– 18

दिनांकः– 17.04.2023

उप वन संरक्षक,
बूंदी

**विषयः–** Diversion of 32.3264 ha. Protected/ Reserved forest land for widening (2 Lane) of NH 12 Laxmipura-Dora-Dabi-Ranaji ka Guda Roads starts from T junction with NH 12 (Kota Bundi section) at Moheepura & terminates at 3 legged junction near Rajaji ka Guda in Favour of Project Director (PPP) PWD Kota Rajasthan.(Proposal No.FP/RJ/Road/29812/2017)

**संदर्भः–**प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान का पत्र क्रमांकः एफ.14(535/46) 2022/एफसीए/प्रमुवसं/5459 दिनांक 29.03.2023 एवं आपके कार्यालय का पत्र क्रमांक एफ 2 ( )वन संरक्षण/उवस/2023/2983 दिनांक 04.04.2023.

महोदय,

उपरोक्त विष्यांतर्गत निवेदन है कि उक्त प्रस्ताव में कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान द्वारा जरिए पत्र क्रमांक एफ. 14(535/46)2022/एफसीए/प्रमुवसं/5459 दिनांक 29.03.2023 को आक्षेप लगाए थे, जिसकी पालना कर अनुपालना रिपोर्ट आपके सुलभ संदर्भ एवं अग्रीम कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।

| क्र.सं. | आक्षेप | पालना |
|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर के पत्र दिनांक 30.08.2022 का अध्ययन करें जिसकें अनुसार प्रकरण में 5 वनखण्ड में से 4 वनखण्ड आर0वी0टी0आर0 के बफर क्षेत्र में आना बताया है। तद्नुसार वन्यजीव स्वीकृति की प्रति चाही गयी है। किन्तु आप द्वारा मात्र वन्यजीव प्रस्ताव को मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को भिजवाये जाने को लिखे गये पत्र की प्रति संलग्न की गयी है। जबकि प्रस्ताव में वन्यजीव स्वीकृति की प्रति एवं वन्यजीव क्षेत्र आने के कारण प्रस्ताव में हुए बदलावों को भी प्रस्ताव के साथ पूर्ण किया जाकर सम्मिलित किया जाना है। | उक्त बिंदु की पालना में अवगत करवाना है कि वन्यजीव स्वीकृति का प्रस्ताव उप वन संरक्षक कार्यालय एवं मुख्य वन संरक्षक, कोटा द्वारा अनुमोदन उपरांत मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक अरण्य भवन, जयपुर के स्तर पर प्रक्रियाधीन है एवं प्रस्ताव में स्वीकृति जारी होने के पश्चात स्वीकृति कि प्रतिलिपि उपलब्ध करवा दी जावेगी, इस आशय का पृथक् से वचनबद्धता प्रमाण पत्र भी अतिरिक्त दस्तावेजों में संलग्न कर दिया गया है। |
| a. | प्रस्ताव में संलग्न KML File, GT Sheet map and DGPS map में आर0वी.टी0आर0 के बफर क्षेत्र में पडने वाले वनभूमि एवं गैर वन भूमि को अंकित किया जावे। | उक्त बिंदु की पालना में KML File, GT Sheet map and DGPS map में आर0वी.टी0आर0 के बफर क्षेत्र में पडने वाले वनभूमि एवं गैर वन भूमि को अंकित कर दिया गया है, |

*Address: c/o Office of The Garden Superintendent, PWD, Near Mayur Talkies, Nayapura Circle, Kota*
*E-mail: PDPPP.KOTA@GMAIL.COM*

# Office of The Project Director, PPP, PWD, Kota

| | | |
|---|---|---|
| | | प्रतिलिपि संलग्न है। |
| b. | लागत लाभ विश्लेषण नवीन एन0पी0वी0 की दरें एंव प्रस्ताव के वन्यजीव क्षेत्र में पडने से आये बदलाव के अनुसार प्रस्तुत करें। | संशोधित लागत लाभ विश्लेषण अपलोड कर दी गई है। प्रतिलिपि संलग्न है। |
| c. | पार्ट I के बिन्दु संख्या आई में वन्यजीव स्वीकृति के संबंध में आवश्यक संशोधन किये जावे। | आवश्यक संशोधन कर दिए गए है । |
| d. | वन्यजीव क्षेत्र के अनुसार प्रस्ताव में पडने वाले वन/गैर वन भूमि की संशोधित एरिया केलकुलेशन शीट संलग्न की जानी है। | संशोधित एरिया केलकुलेशन शीट संलग्न कर दी गई है। |
| e. | पार्ट II के बिन्दु संख्या 8 में वन्यजीव क्षेत्र के अनुसार सूचना भरी जानी प्रस्तावित है। | आपके कार्यालय से संबंधित है। |
| f. | वन्यजीव क्षेत्र में आने के कारण एन0पी0वी0 गणना संशोधित कर प्रस्तुत की जानी है। | आपके कार्यालय से संबंधित है। |
| g. | उप वन संरक्षक बूंदी एवं मुख्य वन संरक्षक, कोटा द्वारा अपने स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में वन्यजीव क्षेत्र के अनुसार रिपोर्ट नही दी गयी है अतः उप वन संरक्षक एवं मुख्य वन संरक्षक पुनः स्थल निरीक्षण किया जाकर अद्यतन स्थल निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न किया जाना है। | आपके कार्यालय से संबंधित है। |
| h. | आर0वी0टी0आर0 के नोटिफिकेशन की प्रति संलग्न किया जाना प्रस्तावित है। | आपके कार्यालय से संबंधित है। |

**भवदीय**

हितेश गुप्ता

**परियोजना निदेशक (पी0पी0पी)**
सा0नि0वि0 कोटा।

*Address: c/o Office of The Garden Superintendent, PWD, Near Mayur Talkies, Nayapura Circle, Kota*
*E-mail: PDPPP.KOTA@GMAIL.COM*